**भारत सरकार**
**अल्पसंख्यक कार्य मंत्रालय**
**लोक सभा**

**अतारांकित प्रश्न संख्या : 803**
**उत्तर देने की तारीख : 21.11.2019**

**अल्पसंख्यकों हेतु कल्याणकारी योजनाएं**

**803. श्रीमती नुसरत जहां रूहीः**

क्या **अल्पसंख्यक कार्य** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) विगत तीन वर्षों के दौरान वर्ष–वार अल्पसंख्यक समुदायों के कल्याण हेतु कार्यान्वित योजनाओं और आवंटित निधि का ब्यौरा क्या है; और

(ख) अल्पसंख्यक समुदायों यथा मुस्लिमों, ईसाइयों, सिक्खों, बौद्धों, जैनियों और पारसियों द्वारा प्राप्त लाभ का अनुपात क्या है?

**उत्तर**

**अल्पसंख्यक कार्य मंत्री**
**(श्री मुख्तार अब्बास नकवी)**

**(क):** मंत्रालय देश में केंद्रीय रूप से अधिसूचित छह अल्पसंख्यक समुदायों यथा, मुस्लिम, ईसाई, सिक्ख, बौद्ध, पारसी और जैन के कल्याण हेतु निम्नलिखित योजनाएं/कार्यक्रम कार्यान्वित कर रहा हैः

(1) मैट्रिक–पूर्व छात्रवृत्ति योजना
(2) मैट्रिकोत्तर छात्रवृत्ति योजना
(3) मेरिट–सह–साधन आधारित छात्रवृत्ति योजना
ये छात्रवृत्ति योजनाएं 2015 से डीबीटी मोड के जरिए कार्यान्वित की जा रही हैं ताकि छल कपट और हेरा–फेरी रोकते हुए कार्यक्षमता में सुधार किया जा सके और पारदर्शिता लाई जा सके।
(4) मौलाना आजाद राष्ट्रीय अध्येतावृत्ति
(5) निःशुल्क कोचिंग एवं संबद्ध योजना
(6) 'पढ़ो परदेश'– विदेशों में अध्ययन हेतु शैक्षिक ऋणों पर ब्याज इमदाद योजना
(7) संघ लोक सेवा आयोग (यूपीएससी), कर्मचारी चयन आयोग (एसएससी) और राज्य लोक सेवा आयोगों (पीएससी) आदि द्वारा आयोजित प्रारंभिक परीक्षाएं उत्तीर्ण करने वाले विद्यार्थियों को सहायता (नई उड़ान)
(8) जियो पारसी
(9) नई रोशनी– अल्पसंख्यक महिलाओं में आत्मविश्वास पैदा करने के लिए उनका नेतृत्व विकास
(10) सीखो और कमाओ–कौशल विकास पहलें
(11) नई मंजिल– स्कूल ड्रॉपआउट की औपचारिक स्कूल शिक्षा एवं कौशलीकरण हेतु विश्व बैंक से सहायता प्राप्त योजना
(12) उस्ताद (विकास के लिए परम्परागत कलाओं/शिल्पों में कौशल और प्रशिक्षण का उन्नयन) हुनर हाट के आयोजन द्वारा अवसर और मार्किट प्रदान करने के लिए पारंपरिक मास्टर कारीगर और शिल्पकारों के लिए एक मंच उपलब्ध करवाना।

(13) हमारी धरोहर–भारतीय संस्कृति की समग्र संकल्पना के अधीन भारतीय अल्पसंख्यक समुदायों की समृद्ध विरासत को संरक्षित करने की योजना।

(14) प्रधानमंत्री जन विकास कार्यक्रम (पीएमजेवीके)–बुनियादी अवसंरचनात्मक परिसंपत्तियों के सृजन के लिए अभिज्ञात अल्पसंख्यक बहुल ब्लॉकों, अल्पसंख्यक बहुल नगरों तथा निकटवर्ती ग्राम समूहों में कार्यान्वित।

(15) मौलाना आजाद शिक्षा प्रतिष्ठान (एमएईएफ) द्वारा कार्यान्वित योजनाएंः–

(क) केंद्रीय रूप से अधिसूचित छह अल्पसंख्यक समुदायों यथा, मुस्लिम, ईसाई, सिक्ख, बौद्ध, पारसी और जैन से संबंधित मेधावी छात्राओं के लिए बेगम हजरत महल राष्ट्रीय छात्रवृत्ति

(ख) अल्पसंख्यक समुदायों के युवाओं को नौकरी उन्मुख अल्पकालिक कौशल विकास पाठ्यक्रमों का प्रशिक्षण देने के लिए इस समय गरीब नवाज रोजगार एवं प्रशिक्षण कार्यक्रम कार्यान्वित किया जा रहा है।

(16) राष्ट्रीय अल्पसंख्यक विकास एवं वित्त निगम (एनएमडीएफसी) राज्य चैनेलाइजिंग एजेंसियों के माध्यम से रियायती ऋणों और आय सृजन उद्यमों के लिए निधियां जारी करता है।

अल्पसंख्यकों के कल्याण के लिए गत पांच वर्षों में आबंटित निधियों का विवरण संलग्न है।

**(ख)** योजनाओं के तहत मुस्लिम, ईसाई, सिक्ख, बौद्ध, जैन और पारसी समुदायों को दिए गए लाभ के अनुपात का ब्यौरा सामान्यतः इस मंत्रालय द्वारा नहीं रखा जाता है। तथापि, छात्रवृत्ति योजना, अल्पसंख्यकों के शैक्षिक सशक्तीकरण के क्षेत्र में मंत्रालय का एक फ्लैगशिप कार्यक्रम, के तहत अनुपात निम्नानुसार हैः –

| | **अल्पसंख्यकों की कुल जनसंख्या** | **मैट्रिक–पूर्व लाभार्थी (संख्या)** | **मैट्रिकोत्तर लाभार्थी (संख्या)** | **मेरिट–सह–साधन लाभार्थी (संख्या)** | **कुल लाभार्थी** | **अल्पसंख्यक जनसंख्या में से आनुपातिक लाभार्थी** |
|---|---|---|---|---|---|---|
| **मुस्लिम** | 172245158 | 20974526 | 2645897 | 451864 | **24072287** | 13.98 |
| **ईसाई** | 27819588 | 3193073 | 396388 | 95175 | **3684636** | 13.24 |
| **सिक्ख** | 20833116 | 2130441 | 344440 | 42286 | **2517167** | 12.08 |
| **बौद्ध** | 8442972 | 759126 | 20464 | 2549 | **782139** | 9.26 |
| **जैन** | 4451753 | 282410 | 76243 | 20791 | **379444** | 8.52 |
| **पारसी** | 57264 | 3283 | 457 | 53 | **3793** | 6.62 |
| **कुल** | **233849851** | **27342859** | **3483889** | **612718** | **31439466** | |

*****

अनुलग्नक

## अल्पसंख्यक कार्य मंत्रालय

**2016-17, 2017-18, 2018-19 और 2019–20 का योजनावार बजट अनुमान (करोड़ रु0 में)**

| क्र. सं. | योजना | बजट अनुमान 2017-18 | बजट अनुमान 2018-19 | बजट अनुमान 2019-20 |
|---|---|---|---|---|
| **क.1** | **शैक्षिक सशक्तिकरण -** | | | |
| 1 | मैट्रिक–पूर्व छात्रवृत्ति | 950 | 980 | 1220.3 |
| 2 | मैट्रिकोत्तर छात्रवृत्ति | 550 | 692 | 496.01 |
| 3 | मेरिट–सह–साधन आधारित छात्रवृत्ति | 393.54 | 522 | 366.43 |
| 4 | मौलाना आजाद राष्ट्रीय अध्येतावृत्ति | 100 | 153 | 155 |
| 5 | विदेशों में अध्ययन हेतु शैक्षिक ऋण पर ब्याज सहायता | 8 | 24 | 30 |
| 6 | निःशुल्क कोचिंग एवं संबद्ध योजना | 48 | 74 | 75 |
| 7 | यूपीएससी द्वारा आयोजित प्रारंभिक परीक्षाएं उत्तीर्ण करने वाले विद्यार्थियों को सहायता। | 4 | 8 | 20 |
| | **उप–योग** | **2053.54** | **2453** | **2362.74** |
| **क.2** | **आर्थिक सशक्तिकरण -** | | | |
| 8 | कौशल विकास पहलें | 210.00 | 250.00 | 250.00 |
| 9 | उस्ताद (हुनर हाट) | 20.00 | 22.00 | 30.00 |
| 10 | नई मंजिल (8वीं से 10वीं तक के लिए कौशल) | 155.00 | 175.95 | 140.00 |
| 11 | एनएमडीएफसी को इक्विटी अंशदान | 140.00 | 170.00 | 165.02 |
| | **उप–योग** | **525.00** | **617.95** | **585.02** |
| **क.3** | **सशक्तिकरण के लिए विशेष पहलें** | | | |
| 12 | अल्पसंख्यक महिलाओं में नेतृत्व–क्षमता विकास | 15 | 15 | 15 |
| 13 | छोटे अल्पसंख्यक समुदाय की घटती आबादी को नियंत्रित करने की योजना | 2 | 4 | 4 |
| 14 | हमारी धरोहर | 12 | 6 | 8 |
| 15 | अनुसंधान/अध्ययन, निगरानी, मूल्यांकन और प्रचार | 50 | 55 | 60 |
| | **उप–योग** | 79 | 80 | 87 |
| **ख.** | **क्षेत्र विकास कार्यक्रम** | | | |
| 16 | प्रधानमंत्री जन विकास कार्यक्रम | 1125.00 | **1200.00** | 1320.00 |
| **ग.** | **संस्थानों को सहायता** | | | |
| 17 | मौलाना आजाद शिक्षा प्रतिष्ठान | 113 | 125.01 | 90 |
| 18 | एनएमडीएफसी की राज्य चैनलाइजिंग एजेंसियों (एससीए) को सहायता–अनुदान | 2 | 2 | 2 |
| 19 | कौमी वक्फ बोर्ड तरक्कियाती योजना | 13 | 16.94 | 17.5 |
| 20 | शहरी वक्फ संपत्ति विकास योजना | 3.18 | 3.16 | 3.16 |
| 21 | सचिवालय | 17.66 | 19.14 | 22 |
| 22 | राष्ट्रीय अल्पसंख्यक आयोग | 8.41 | 8.62 | 9.3 |
| 23 | आयुक्त भाषायी अल्पसंख्यक | 2.74 | 2.32 | 2.3 |
| 25 | हज सीजीआई जेद्दा | 78 | 76.79 | 85 |
| | हज सचिवालय | 7 | 8 | 9 |
| | **उप–योग** | **244.99** | **261.98** | **240.26** |
| | **सकल योग** | **4195.48** | **4700** | **4700** |

*****